A TATA Enterprise

# तार समाचार

जुलाई-सितम्बर 2021



# एक उज्ज्वल और दीर्घकालीन भविष्य हमारी पहुंच के अंतर्गत है।

एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करके और बेहतर कल की दिशा में परिवर्तन का प्रतीक बनकर।



प्रिय साथिओं,

द्वितीय त्रैमासिक मे हमारे रॉड मिल और वायर मिल प्लांट में वार्षिक शटडाउन का सफ़ल आयोजन किया गया, जिसे सभी कर्मचारियों के सहयोग से सुरक्षित और समय पर पूर्ण किया गया। मैं इस सफल टीम वर्क के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई देता हूं।

रॉ मटेरियल की बढ़ती कीमतों ने दैनिक जीवन से संबंधित वस्तुओं के अलावा उद्योगों को भी प्रभावित किया है। हम लोगों ने बिजली, पानी, लुब्रिकेंट्स और ईंधन के खर्च को कम करने के लिए संकल्प लिया है। इस पहल के तहत कार्य करते हुए अपने खर्च को कम करने का सफल प्रयास किया है। हमे इसे अगले स्तर पर ले जाने के लिए बिजली और पानी के बचत के लिए ISWP परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग की जरूरत होगी, जिसमें प्रत्येक घर की महिलाओं और बच्चों का अहम योगदान होगा। कार्यस्थल पर ब्रेकडाउन को कम करना होगा जिससे हम स्टोर स्पेयर और रखरखाव के खर्च को कम कर सकेंगे।

मैने तार समाचार के पिछले सस्करण में टीम लीड नामक पहल के बारे में चर्चा की थी। मुझे आप सभी को बताते हुए खुशी हो रही है की हमने इसमें अच्छी शुरुआत की है। मैं अपने सभी कर्मचारियों से अपील करता हूं कि आप सभी इसे गंभीरता से लेते हुए दिए गए लक्ष्य को हासिल करने का सफल प्रयास करें। इस पहल से हमारा उद्देश्य है की हमारे कर्मचारी आने वाले एक वर्ष में कार्यस्थल पर डेली रूटीन संबंधित सभी गतिविधियों को संचालित करेंगे और हमारे अधिकारी अपने मशीनों को और प्रोसेस को इंडस्ट्री लीडर के लेवल पर ऑपरेट करेंगे।

आज के इस बदलते परिवेश में उद्योग की सफलता के लिए इनोवेशन एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इनोवेशन के हमारे मूल सिद्धांत "चिपर – बेटर – फास्टर" को अपनाते हुए अपने कार्यस्थल मे सुधार के लिए अपने सुझाव, सुझाव योजना में दे। मैं अपने अधिकारियों से ये अपील करता हूं की इन सुझावों पर त्वरित रूप से कार्य कर सुझाव को लागू करें। मुझे इस बात की अत्यधिक खुशी है कि हमारी महिला कर्मचारियों ने भी "बिजनेस एक्सीलेंस" संबंधित पहल में भाग लेकर पुरस्कार भी प्राप्त कर रही हैं। माई रेकोर्स ऐसी ही एक योजना है जिसने एम्प्लोयी इंगेजमेंट को प्रत्येक पहल में बढ़ाने का काम किया है।

मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है की इस चुनौती भरे माहौल में भी हमने अच्छे कार्यों द्वारा सुरक्षा एवम पर्यावरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए है। इस सफलता के लिए सभी कर्मचारियों और विशेष तौर पर सेफ्टी टीम को बधाई देता हूं।

कोरोना महामारी की चुनौती बरकरार है, हालांकि पीड़ितों की संख्या में कमी आई है। बावजूद इसके हमें लगातार सावधानी बरतनी होगी। ISWP परिवार के सभी सदस्यों से मेरा विनम्र आग्रह है कि सभी 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को वैक्सीन के दोनो डोज लगवाए और दो गज दूरी मास्क है जरूरी के नियमों का पालन जारी रखें।



शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Kant

नीरज कांत

प्रबंध निदेशक

# वैक्सीनेशन



## "जन-जन की पुकार, टीका ही कोरोना का सच्चा उपचार"

कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए वैक्सीन बहुत जरुरी है। पहली और दूसरी खुराक लगाने से शरीर में खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली में किस तरह के बदलाव होंगे। यह वैक्सीन हमारे शरीर को किसी बीमारी, वायरस या संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करती है। शरीर के (इम्यून सिस्टम) यानी प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण (आक्रमणकारी वायरस) की पहचान करने के लिए प्रेरित करते हैं और उनके खिलाफ शरीर में एंटीबॉडी बनाते हैं जो बाहरी हमले से लड़ने में हमारे शरीर की मदद करती हैं।

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल अपनी कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूकता बड़ाई एवं दोनों वैक्सीन को अनिवार्य कर दिया गया। साथ ही कंपनी परिसर स्थित ISWP हॉस्पिटल में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे 18 वर्ष से ऊपर वाले कर्मचारियों को वैक्सीन उपलब्ध कराया गया।

इसलिए, सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे जल्द से जल्द अपना और अपने परिवार के सदस्यों का टीकाकरण कराएं।

इस सन्दर्भ में वी कनेक्ट में ''सेफ मी सेफ वी'' का आयोजन किया गया जिसमे अपनी टीकाकरण तस्वीर अपलोड करनी थी। जिसमे कर्मचरियों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया।

हम अपने कर्मचारियों के बीच COVID–19 टीकाकरण के प्रति जागरूकता और उत्साह को बढ़ाना चाहते हैं। महामारी के खिलाफ लड़ाई में आशा की एक किरण टीकों की शुरूआत रही है। जबकि सामाजिक दूरी बनाए रखने, नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क पहनने के संदर्भ में कोविड उपयुक्त व्यवहार का टीकाकरण के बाद भी पालन करना होगा, टीके अभी भी आपकी सुरक्षा में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

परन्तु कोई भी टीका सौ फ़ीसदी आपकी सुरक्षा नहीं करता इसलिए यह जरूरी है कि आप सारी एहतियात जैसे मास्क से अपने मुंह और नाक को ढकना, किसी से हाथ नहीं मिलाना, सामाजिक दूरी, हाथ को सैनिटाइज करना, किसी को गले नहीं लगाना।

जिन्होंने दूसरा वैक्सीनेशन डोज् नहीं लिया है कृपया वे 31 दिसंबर 2021 तक ले लें। यदि वैक्सीनेशन स्लॉट बुक करने में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है, वो हमारे HR या मेडिकल इंचार्ज से परामर्श करें।




| वैक्सीनेशन स्टेटस | कुल पात्र कर्मचारी | पहला डोज़ | दूसरा डोस |
|---|---|---|---|
| ऑन –रोल कर्मचारी | 714 | 100% | 78% |
| कांट्रेक्टर कर्मचारी | 1298 | 100% | 61% |




2020 has been an unprecedented year for humanity. The COVID-19 pandemic which is still ongoing continues to be a cause of concern. A ray of hope in the fight against the pandemic has been the introduction of vaccines.

Most of us have taken our first dose and some are lucky enough to get the second dose.

Let's share our vaccination moment on WeConnect.

All you have to do:
- Upload your photograph of vaccination
- Path: *HR Mates => WeConnect => Safe Me Safe We*

Last date to upload: 31st July 2021

#SafeMeSafeWe

Always wear a mask | Wash hands regularly | Maintain social distancing

# दीर्घकालीन और इनोवेटिव पर्यावरणीय दृष्टिकोण

## मोस्ट इनोवेटिव एनवायर्नमेंटल प्रोजेक्ट के लिए गौरवपूर्ण सम्मान



CII द्वारा 28–30 जुलाई 2021 को आयोजित किए गए ''नेशनल अवार्ड फॉर एनवायर्नमेंटल बेस्ट प्रैक्टिस 2021 में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को मोस्ट इनोवेटिव एनवायर्नमेंटल प्रोजेक्ट अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। इस अवार्ड श्रेणी में ISWPL संग 150 कंपनियों ने भाग लिया था। उनमें से केवल 36 कंपनियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया।।ISWPL द्वारा मोस्ट इनोवेटिव एनवायर्नमेंटल प्रोजेक्ट के रूप में 'फ्यूमलेस पिकलिंग' को प्रस्तुत किया गया। जिसके तहत ISWPL को मोस्ट इनोवेटिव एनवायर्नमेंटल प्रोजेक्ट अवार्ड पुरस्कृत किया गया।

इस श्रेणी में 16 और विभिन्न कंपनियों को भी 'मोस्ट इनोवेटिव एनवायर्नमेंटल प्रोजेक्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार हमें निरंतर सुधार की दिशा में अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करना सिखाती है जो हमें अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

# ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए गौरवपूर्ण सम्मान

## ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर मान्यता

CII द्वारा वर्ष 2021 में 24 –27 अगस्त 2021 को आयोजित 'नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड' में ISWPL को मेटल सेक्टर श्रेणी में एनर्जी एफिसिएंट यूनिट से सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में मेटल सेक्टर श्रेणी से कुल 20 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें से 13 कंपनियों को अंतिम दौर के लिए चुना गया और आई.एस. डब्ल्यू.पी उनमें से एक थी। उन 13 कंपनियों में से 7 कंपनियों को 'एक्सीलेंस यूनिट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 6 कंपनियों को 'एनर्जी एफिसिएंट यूनिट' से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल प्लेटफार्म पर किया गया। इस प्रतियोगिता में आई.एस.डब्ल्यू.पी. एल. के श्री प्रदीप कुमार ओझा (डी.जी.एम् – SHE) एवं श्री राकेश शर्मा (जी.एम् – शेयर्ड सर्विसेज) की दिशा निर्देश में, SHE विभाग एवं क्रॉस फंक्शनल टीम द्वारा भाग लिया गया था।

ISWPL ने विगत वर्ष (FY'20) की तुलना में इस वर्ष (FY '21) इलेक्ट्रिकल एनर्जी में 3% और थर्मल एनर्जी में 9% की कटौती करने में सक्षम रहा। कई इन –हाउस इम्प्रोवेमेन्ट्स एवं SANKALP इनिशिएटिव ने इसे संभव बनाया।

इसमे शामिल है :

- हमारे वायर मिल में हीटर लेस वापोरीजे़र की शुरूआत।
- वायर ड्राइंग में कई मशीनों को DC मोटर से AC मोटर से बदला गया।
- LED लाइट का उपयोग।
- आवश्यकता एवं क्षमता की जांच के लिए संपूर्ण GI लाइन का थर्मल अध्ययन किया गया। इससे बेहतर निगरानी किया जा सका, जिससे एलपीजी खपत में कमी करने में मदद मिली।
- ऊर्जा संरक्षण की संस्कृति को बनाये रखने के लिए कई कार्यक्रमों और कैंपेन लिया गया जिसमें एक एनर्जी कन्सेर्वटिव वीक, इससे सम्बंधित सुझाव को उपर्युक्त पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया।




# सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है



## सेफ्टी कैंपियन - "यूज़ टूल्स नॉट हैंड" पर अभियान

ISWP SHE विभाग ने 1 जुलाई 2021 को 'यूज़ टूल्स नॉट हैंड' पर एक सुरक्षा अभियान शुरू किया। इस अभियान का पालन 21 सितंबर तक किया जाएगा। इस अभियान के दौरान सुरक्षा प्रशिक्षण, जेसीसी के माध्यम से एस.ओ.पी. में संशोधन, महत्वपूर्ण मैन–मशीन इंटरफेस को खत्म करने के लिए टीम गठन, ऑडियो–वीडियो एसओपी मॉड्यूल विकसित करने और अन्य विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। घटनाओं को खत्म करने और शून्य क्षति हासिल करने की दिशा में यह डीप ड्राइव अप्रोच है।

### कर्मचारियों, ठेकेदार कर्मचारियों के लिए आयोजित गतिविधियाँ :

थीम:#"यूज़ टूल्स नॉट हैंड", बैनर और पोस्टर का प्रदर्शन किया गया एवं सोशल प्लेटफार्म पर प्रचार किया गया।

SOP पर ट्रेनिंग, जॉब साइकिल चेक (JCC), टीम लीडर और डिप्टी लीडर्स के लिए मैन–मशीन इंटरफेस सम्बंधित ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, JCC के माध्यम से SOP में परिशोधन, SOP का ऑडियो–विजुअल मॉड्यूल की तैयारी, SOP का स्थानीय भाषा में रूपांतरण, कौमोनली एक्सेप्टेड अनसेफ प्रैक्टिस को निष्काषित करना आदि, विभिन्न प्रकार के गतिविधियों को आयोजित किया गया।






गतिविधियों की सूची एवं मैन–मशीन इंटरफेस गतिविधियों की पहचान



सुरक्षा अभियान पर जागरूकता प्रशिक्षण

# एथिक्स – संस्कृति विश्वास और ईमानदारी

## टाटा आचार संहिता हमें हर प्रयत्न में प्रेरित करती है

नैतिक व्यवहार हमारे व्यवसाय का सार है। नैतिक श्रेष्ठता की इस यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करने वाले आदर्श टाटा आचार संहिता (टी.सी.ओ.सी) में शामिल हैं।1998 में श्री रतन टाटा द्वारा अधिनियमित किया गया।टी.सी.ओ.सी में व्यापार के 5 वैल्यू एवं 13 सिद्धातों की व्यख्या की गई है जो हमारे व्यपार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ISWPL में इन वैल्यू को निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे कर्मचारियों को अवगत कराया जाता है एवं और संबंधित नीतियों जैसे व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी, गिफ्ट एंड हॉस्पिटैलिटी पॉलिसी, कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट पालिसी, एंटी–बरिबेरी एंटी–करप्शन पॉलिसी का कार्यान्वयन किया गया है।

एथिक्स माह की शुरुवात में हमारे प्रबंध निदेशक एवं सीनियर लीडरशिप टीम द्वारा एथिक्स प्लेज लिया गया। इस माह में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे एम्प्लाइज वार्डस के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता आदि।







**कर्मचारियों और अन्य अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए संदेश :**
टाटा कोड ऑफ़ कंडक्ट के माध्यम से साझा की गई वैल्यू का पालन करें।

**SPEAK UP!**

टाटा आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन की सूचना निम्न माध्यम से दे सकते है एवं सूचित करने वाले के नाम गुप्त रखा जाता है।

टोल–फ्री थर्ड–पार्टी एथिक्स हेल्पलाइन नंबर –1800 102 0875।

वेब पोर्टल – www.in.kpmg.com/ethicshelpline/tslindia

ईमेल – tatasteel@ethicshelpline.co.in


पोस्ट बॉक्स – P.O. Box no. 71, DLF Phase 1, Qutub Enclave, Gurgaon – 122002, Haryana. India.

# आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में बोनस समझौता

8 सितम्बर 2021 बुधवार को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में प्रबंधन एवं यूनियन के बीच वित्तीय वर्ष 2021 –22 की बोनस समझौता पर हस्ताक्षर किया गया।कोरोना महामारी के दौरान कंपनी की बेहतर प्रदर्शन को मद्देनजर रखते हुए कर्मचारियों को इस वर्ष 19.70 फीसदी बोनस देने की सहमति दी गई है।

इस उपलक्ष्य में प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय,सभी विभागों के विभागाध्यक्ष (एच.ओ.डी), डिप्टी प्रेसिडेंट श्री श्रीकांत सिंह, महासचिव श्री पंकज सिंह एवं अन्य यूनियन सदस्य उपस्थित थे।





# क्षमता वृद्धि के लिए रणनीतिक योजना

## रॉड मिल कैपेसिटी इन्हांसमेंट प्रोजेक्ट





स्ट्रैटिजिक प्लानिंग के तहत, 20 अगस्त 2021 को प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत और वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थिति में रॉड मिल इन्हांसमेंट प्रोजेक्ट सेरेमनी का ग्राउंड–ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था।

रॉड मिल फर्नेस की मशीन पुरानी होने के कारण ऑपरेटर को अनेक प्रतिबंधों जैसे मशीनों की क्षमता में कमी, हीटिंग का तापमान की उतार चढ़ाव, बार बार मशीनों का खराब होना आदि। उन सभी बाधाओं या प्रतिबंधों को समाप्त करने के उदेश्य से कंपनी को बोर्ड द्वारा ''रॉड मिल इन्हांसमेंट प्रोजेक्ट'' की अनुमति मिली, इसे ब्रॉउन ग्राउंड प्रोजेक्ट कहा जाता है चुकी रॉड मिल में उपस्थित मशीनों में बदलाव कर उसे अधिक प्रभावशाली बनाया जायेगा जिसे मशीनों की क्षमता में वृद्धि होगी फलस्वरूप उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी। यह प्रोजेक्ट 43 करोड़ का है जो की कंपनी के इतिहास में इतना बड़ा मूल्य का प्रोजेक्ट पहली बार लिया गया है।

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए बोर्ड द्वारा प्रोजेक्ट विभाग की टीम को 22 महीनों का टारगेट दिया गया है। प्रोजेक्ट के दौरान टीम गियर बॉक्स, वाटर बॉक्स, ड्राइव (AC टू DC) पर काम कर रही है। इस प्रोजेक्ट की सफलता से उत्पादन की मात्रा को 0.3 mtpa तक बढ़ाया जा सकेगा। प्रोजेट विभाग टीम ने इस प्रोजेक्ट की समाप्ति का लक्ष्य दिसंबर 2022 तक निर्धारित किया है। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. सफलतापूर्ण प्रोजेक्ट की कामना करती है ।

# नई प्रतिभाओं के तालीम के लिए विकसित खेल परिसर

## स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन

8 सितम्बर 2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स ग्राउंड (सी2 एरिया) का उद्घाटन श्री चाणक्य चौधरी वीपी (सी.एस) द्वारा किया गया इस उपलक्ष्य में श्री नीरज कांत एम.डी (आई.एस.डब्ल्यू.पी) और श्री राकेश्वर पांडे (यूनियन अध्यक्ष), टाटा स्टील से श्री तरुण कुमार डागा, एम.डी (जे.एस.यू.आई.एस.एल) एवं अन्य उपस्थित थे।








# हमारे लोग – हमारे गर्व

## विभिन्न गतिविधि एवं एम्प्लोयी इंगेजमेंट प्रोग्राम द्वारा व्यक्तिगत और प्रोफेशनल संवृद्धि में सुधार

### स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ

'स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ' की पहल एच.आर विभाग द्वारा किया गया। प्रत्येक माह विभागाध्यक्ष द्वारा योग्य अधिकारी का नाम नियुक्त किया जाता है। जो अधिकारी सभी मापदंडो में परिपूर्ण होता है जैसे कार्य के साथ बाकि सभी गतिविधियां में बरकरार भागीदारी , सकारात्मक योगदान, दैर्य एवं निष्ठा के साथ अपने कराय को करने वाले अधिकारी को ''स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ'' से सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक के जुलाई माह में श्री अशोक कुमार डिप्टी मैनेजर (वायर बिज़नेस), अगस्त माह में श्री सत्यम कुमार झा डिप्टी मैनेजर (रॉड मिल), सितम्बर माह में श्री.उपेंद्र कुमार वर्मा सीनियर मैनेजर (सेफ्टी) को स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ घोषित किया गया। तीनो अधिकारीयों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाये।



अशोक कुमार
वायर बिज़नेस



सत्यम कुमार झा
रॉड मिल



उपेंद्र कुमार वर्मा
सेफ्टी

### टॉप रेकोर्स

आई. एस.डब्ल्यू.पी एल के कर्मचारियों की प्रतिभा अभूतपूर्ण है। कंपनी में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन का उत्तम माध्यम "MY RECOS " है। प्रत्येक त्रैमासिक में "माई रेकोर्स" के अनुसार टॉप 3 अधिकतम स्कोर वाले कर्मचारियों को 'टॉप रेकोर्स" से सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष के दूसरे त्रैमासिक में, ऑफिसर केटेगरी में रॉड मिल से सत्यम झा विजेता रहे एवं फर्स्ट रनर अप, सेफ्टी से उपेंद्र कुमार वर्मा, सेकंड रनर अप वायर बिज़नेस से अशोक कुमार रहे।

इस वर्ष के दूसरे त्रैमासिक में, एसोसिएट केटेगरी में रॉड मिल से कविता कुमारी महतो विजेता रहे एवं फर्स्ट रनर अप, शेयर्ड सर्विसेज से अमरेंद्र कुमार सिंह, सेकंड रनर अप, मेडिकल सर्विसेज से सीमा कुमारी रहे।

#### ऑफिसर केटेगरी



सत्यम कुमार झा
रॉड मिल
विजेता



उपेंद्र कुमार वर्मा
सेफ्टी
1st रनर अप



अशोक कुमार
वायर बिज़नेस
2nd रनर अप

#### एसोसिएट केटेगरी



कविता कुमारी महतो
रॉड मिल
विजेता



अमरेंद्र कुमार सिंह
शेयर्ड सर्विसेज
1st रनर अप



सीमा कुमारी
मेडिकल सर्विसेज
2nd रनर अप

## सुझाव योजना



सजेसन मैनेजमेंट एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कर्मचारी एवं कांट्रेक्टर संगठन में उत्पादों या सेवाओं में सुधार से सम्बंधित सुझाव साँझा कर सकते है। कंपनी में कुल 5 सजेसन कमेटी है, सुझाव कर्ता अपना सुझाव सम्बंधित कमेटी में देने के लिए स्वतंत्र है। प्रत्येक माह कमेटी के सदस्य आपसी विचार – विमर्श कर सुझाव पर निर्णय लेते है।

## टॉप सजेस्टर

प्रत्येक त्रैमासिक में जिन सुझावकर्ता का सुझाव को कमिटी द्वार सबसे अधिक स्वीकृत किया गया हो उन सुझाव के सुझावकर्ता को 'टॉप सजेस्टर" से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक में शेयर्ड सर्विसेज से राम रतन राय, अशोक कुमार महतो, सौरव गुप्ता, कुलराज सिंह एवं रॉड मिल से कविता कुमारी महतो को टॉप सजेस्टर घोषित किया गया।



**राम रतन राय**
शेयर्ड सर्विसेज



**अशोक कुमार महतो**
शेयर्ड सर्विसेज



**सौरव गुप्ता**
शेयर्ड सर्विसेज



**कुलराज सिंह**
शेयर्ड सर्विसेज



**कविता कुमारी महतो**
रॉड मिल

# नॉलेज मैनेजमेंट स्कीम



ज्ञान का आदान प्रदान का सुगम माध्यम 'नॉलेज मैनेजमेंट' है। इस पोर्टल में हम अपने जानकारी एवं कार्य से संबधित ज्ञान साँझा कर सकते है, और दुसरो के दवरा साँझा किये गए सूचना/जानकारियों को हासिल कर अपने कार्य के लिए उपयोग कर सकते है नॉलेज एक संगठन की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धा और विकसित हो रहे बाजार में अपने को कायम रहने के लिए ISWPL के कर्मचारियों के पास उच्च ज्ञान का आधार होना चाहिए स ताकि ISWPL को अन्य सभी से आगे रखा जा सके। के.एम पीस हमारे व्यवसाय, हमारी प्रक्रिया और हमारी आवश्यकताओं से सम्बंधित होना चहिये। कमिटी कर्मचारियों द्वारा साँझा किये गए नॉलेज को विभिन्न पैरामीटर में रेटिंग कर स्वीकार और अस्वीकार करती है।

## के.एम. चैंपियन



प्रत्येक त्रैमासिक जिस विभाग का स्कोर उच्चतम होगा उसे ''के.एम् चौंपियन'' से घोषित किया जाता है स टॉप 5 के.एम् चौंपियन विभागों में रोल एन्ड कास्टिंग, कमर्शियल,फाइनांस एन्ड एकाउंट्स, ग्राफेन बिज़नेस, स्पोर्ट्स शामिल थे।

इस वित्तीय वर्ष के दूसरे त्रैमासिक में रोल एन्ड कास्टिंग विभाग सबसे जयादा पॉइंट के साथ के.एम् चौंपियन हुई।

रोल एण्ड कास्टिंग

## टॉप एक्टिव कंट्रीब्युटर्स

प्रत्येक त्रैमासिक में जिस कर्मचारी का के. एम् पीस कमिटी द्वारा सबसे ज्यादा स्वीकार की जाती है उसे उस तिमह का ''टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स'' घोषित किया जाता है। वर्तमान में ऑफिसर एवं एसोसिएट बराबर रूप से इसमें भाग ले सकते है। ऑफिसर में जेम्को के सुखदेव सिंह का के.एम् पीस सबसे जयादा स्वीकार किया गया एवं एसोसिएट वर्ग में रॉड मिल से कविता कुमारी का के.एम् पीस सबसे अधिक स्वीकृत है इस उपलक्ष्य में दोनों को टॉप के. एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स से सम्मानित किया गया।



**सुखदेव सिंह**



**कविता कुमारी महतो**

# स्पोर्ट्स



आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल की कर्मचारियों की प्रतिभा अत्यंत प्रभावशाली है इसका परिचय इससे लगता है की हमारे कर्मचारी अपने विभाग में सुगम कार्य करने के साथ–साथ विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल–कूद में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते है।

## इंटर–डिवीजनल कैरम टूर्नामेंट : मेल कैटेगरी

23 अगस्त 2021 में टाटा स्टील द्वारा सभी डिवीजनों और समूह कंपनियों के लिए इंटर–डिवीजनल कैरम चैंपियनशिप आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल की टीम ने भाग लिया एवं सेकेंड रनर अप का स्थान हासिल किया। टीम के सदस्य में करण कुमार (रॉड मिल) और अभिजीत मुखर्जी (रॉड मिल) को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये।

गौरवतलब है की अपने कंपनी की यह टीम लगातार तीन साल से विजयी होती आ रही है।







## टीम उड़ान के लिए व्यक्तिगत कैरम चैंपियनशिप



आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल हेल्थ क्लब में टीम उड़ान के लिए दो दिवसीय व्यक्तिगत कैरम चैंपियनशिप का आयोजन 10 एवं 11 सितम्बर 2021 को किया गया। जिसमे कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता का खिताब सलमा मार्डी को प्राप्त हुआ, प्रथम रनर अप अनुपमा महातो, द्वितीय रनर अप श्रीधरा गोस्वामी, सांत्वना पुरस्कार शकुंतला सिंह को प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि कंपनी की बरिष्ठ महिला अधिकारी श्रीमती दलजीत कौर ने विजेताओ को पुरस्कृत की।

खेल का संचालक श्री संजय मिश्रा को सुचारु रूप से प्रतियोगिताओं का आयोजन के लिए बधाई।

## इंटर–डिवीजनल कैरम टूर्नामेंट : फिमेल कैटेगरी

टाटा स्टील दवरा टाटा ग्रुप के महिला कर्मचारियों के लिए इंटर–डिवीजनल कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय रहा। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल उड़ान टीम से अनुपमा महतो और सलमा मार्डी ने भाग लिया।

इस चैंपियनशिप में कुल कई कंपनी और डिवीजन के करीब 20 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।





# कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

## "शिक्षित करना एवं सशक्त बनाने की पहल"

आई.एस.डब्ल्यू.पी एल अपने सभी परिचालन स्थानों पर परियोजनाओं और कार्यक्रमों के विविध सेट के माध्यम से विभिन्न समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करता है

शिक्षा | सेवा | यूथ इंगेजमेंट | हेल्थ एण्ड हाइजिन | लाइवलीहुड एनहांसमेंट

सी.एस.आर के तहत विगत त्रैमासिक में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसका विवरण साझा किया गया है।

## शिक्षा

### कौशल विकास

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में 3 छात्रों (सलगे हांसदा, संगीता बास्के, बबिता मुर्मू) की अपने प्रतिभा के बल पर गम्हारिआ स्थित MSME Indo Danish Tool Room IDTR में डिप्लोमा के लिए चयनित किया गया। आई. डी.टी.आर. मुख्यतः रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संस्था है जिसमे विभिन्न शॉट टर्म एवं लॉन्ग टाइम कोर्स उपलब्ध कराया जाता है।





### करियर काउंसलिंग

29.09.2021 श्री जयदीप सरकार सीनियर मैनेजर, एच.आर.एम द्वारा के. जी.बी.वी, पोटका स्कूल के विद्यार्थियों का करिअर काउंसलिंग किया गया जिसमे उन्हें भविष्य के लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई ।

24.09.2021 को हमारे एन.जी.ओ पार्टनर द्वारा के.जी.बी.वी पोटका स्कूल के विद्यार्थियों का करियर काउंसलिंग किया गया ।




## सेवा

30.08.2021 को सुंदरनगर स्थित R P PATEL सेसयार होम की आवश्कयता के अनुसार 100 बेड शीट एवं 40 बेड के मैकिनटोश उपलब्ध कराया गया। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल से श्री इंद्रजीत नंदी – वीपी, परियोजना और सुश्री फराह सुल्तान श्री मिथलेश कुमार सिंह और श्री सुशांतो पात्रो उपस्थित थे।




## यूथ इंगेजमेंट

**आर्चरी टैलेंट हंट कैंप** – 06.07.2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल द्वारा पोटका के चार गांवों झरिया,महालीसाई, रानीकुदर एवं लोआडीह में ''आर्चरी टैलेंट हंट कैंप'' का उद्घाटन किया गया। कैंप में कुल 150 बच्चों ने भाग लिया जिसमे 60 बच्चों का चयन हुआ। कैंप के उद्घाटन के दौरान जे.के.सिंह,वाईस प्रेसिडेंट – वायर्स एवं ग्राफेन बिज़नेस ने विजिट किया एवं कैंप के बच्चों को प्रोत्साहित किया।





## हेल्थ एण्ड हॉइजिन

**फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग –** 21.09.2021 को डॉक्टर कुमार अभिनव द्वारा केजीबीवी, पोटका के विद्यार्थियों को "फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग" दिया। प्राथमिक चिकित्सा एक मामूली या गंभीर बीमारी या चोट से पीड़ित किसी भी व्यक्ति को दी जाने वाली प्राथमिक और तत्काल चिकित्सकीय सहायता है।





## लाइवलीहुड एनहांसमेंट

डॉ आर.एम मिश्रा,वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची, ने सेसयार होम में दौरा किये, उन्होंने दौरा के दौरान हमारे सेसयार होम के कम्युनिटी के सदस्यों को मत्सय पालन, मुर्गी पालन एवं कृषि संबधित जानकारी उपलब्ध कराये।

श्री मनोज कुमार, DGM एवं श्री ए.पी सिंह (AGM) दवरा सेसयार होम के तालाब में मछली का चारा दिया गया।





# महिला सशक्तिकरण

## सावन सेलिब्रेशन

13.08.2021 को उड़ान टीम द्वारा सावन डे का आयोजन लधु आकर में आई.एस. डब्ल्यू.पी ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमे बाहरी गायक को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने पुराने गानों द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अंताक्षरी प्रतियोगता एवं बेस्ट थीम बेस्ड ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया थीम बेस्ड ड्रेसिंग प्रतियोजिता की विजेता पिंकी कुमारी (एच.आर.एम) हुई।

| विजेता टीम | फर्स्ट रनर अप | सेकंड रनर अप | थर्ड रनर अप |
|---|---|---|---|
| श्रीधरा, शकुंतला, गुरप्रीत, बिजॉय, नाज़नीन | निरोशा, सुजीता, लवली, रीना, सरीता | सुजाता, अर्चना, आरती, पिंकी, हरप्रीत | अवि शेखर, सीमा, मंजीत, नामसी, सोनी |










## चौपाल सेशन

चौपाल सेसन एक ऐसा फोरम है जिसमे उड़ान के सदस्यों को अपने जीवन के अनुभवों (व्यक्तिगत और पेशेवर) को दुरसो के साथ साझा कर सकते है।

जुलाई माह में चौपाल सेसन 3 का आयोजन 17 जुलाई को किया गया जिसमे सुश्री मिनाती प्रवा पांडा और सुश्री अनीता देवी को वक्ता के रूप में चयन किया गया। उनके द्वारा साँझा की गई अनुभवों की हम सराहना करते है एवं उससे सीखा लेने की आवश्यकता है।






अगस्त माह में चौपाल सेसन 4 का आयोजन 21 अगस्त को किया गया जिसमे सुश्री संगीता झा एवं सुश्री सरस्वती देवी को वक्ता के रूप में चयन किया गया ।

सितम्बर माह में चौपाल सेसन 5 का आयोजन 17 जुलाई को किया गया जिसमे सुश्री हरप्रीत कौर एवं सुश्री शिल्पी डे को वक्ता के रूप में चयन किया गया।







# आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

### "हमारी राष्ट्रीय पहचान पर गर्व का विषय"



सम्पूर्ण भारत में आजादी के 75वें सालगिरह को ''अमृत महोत्सव'' के तौर पर ही मनाया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव यानी नए "विचारों का अमृत"। 15 अगस्त 2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी एवं जेम्को परिसर में कोविड –19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हमारे प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज का उत्थापन कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

प्रबंध निदेशक ने उपस्थित गणों को सम्बोधित करते हुए कहा की कंपनी के किसी भी समारोह की शुरुवात राष्ट्र गान से की जाये क्योंकि राष्ट्र गान सुनाने का मकसद गर्व के उन पलों को याद करना है, जिनसे भारत की आजादी का इतिहास जुड़ा है।

## सेवानिवृति

कंपनी में कर्मचारियों का कार्यकाल 60 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। कर्मचारी अपने जीवन का ज्यादा समय कम्पनी के व्यतीत करता है सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जब कर्मचारी को अपने कार्यक्षेत्र से अवकाश प्राप्त हो जाता है। वित्तीय वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक में दो कर्मचारी सेवानिवृत हुए। आई.एस.डब्ल्यू.पी परिवार उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना करती है ।



**सुखराम**
कार्यारंभ तारीख– 14 मार्च 1989
सेवानिवृत्ति : 1 जुलाई 2021



**देवदास कर्मकार**
कार्यारंभ तारीख– 01 अक्टूबर 1987
सेवानिवृत्ति : 1 सितंबर 2021